


# पाकिस्तान पर प्रचंड प्रहार

## पाकिस्तान के पांच एयरबेस तबाह

## पाक रडार साइट व हथियार भंडार नष्ट

## सीमा पर पाकिस्तान ने बढ़ाया सेना का जमावड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )। भारत और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। दोनों देश जंग के मुहाने पर खड़े हो गए हैं और सेनाएं लामबंद हैं। पाकिस्तान की सेना ने भारत के सैन्य ठिकानों व रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर मिसाइलें व ड्रोन से हमला किया जिसे भारतीय फौजों ने नाकाम कर दिया। शुक्रवार की शाम पाकिस्तान ने भारत में 26 जगहों पर हमले की कोशिश की थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाया और इसके बाद पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। वही, भारत पर पाकिस्तान की तरफ से फतह-1 मिसाइल दागी गई। भारतीय सेना ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पाकिस्तान की सेना LoC पर लगातार सेना में इजाफा कर रहा है। शुक्रवार रात को पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों का भारत की तरफ से जवाब दिया गया। पाकिस्तान के द्वारा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात और राजस्थान के कई इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की गई है। शनिवार की सुबह भारत ने राजधानी इस्लामाबाद के करीब स्थित कुल पांच एयरबेसों पर मिसाइलें दागी हैं और तबाही मचा दी है। देर रात टेलीविज़न पर दिए गए बयान में पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, 'भारत ने अपने विमानों के ज़रिए हवा से सतह पर मिसाइलें दागीं।'**




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीती रात हुए हमलों से जुड़े सभी पहलुओं पर ताजा अपडेट देने के लिए सुबह 10 बजे भारत सरकार की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव पर भारत के विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने कल रात हुए घटनाक्रमों के बारे में शनिवार सुबह जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग करके जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस वार्ता का नेतृत्व किया। उनके साथ भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि मैंने पहले भी कई मौकों पर कहा है कि पाकिस्तान की कार्रवाइयां उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली हैं। जवाब में भारत ने पाकिस्तान की ओर से की गई इन उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों का जिम्मेदाराना और संतुलित तरीके से बचाव किया है और प्रतिक्रिया दी है। आज सुबह पाकिस्तान ने इस उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई को फिर दोहराया, (शेष-3 पर)



## पाक गोलाबारी में संभागीय आयुक्त सहित 5 की मौत

**जम्मू ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार से सीमावर्ती इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है।



शनिवार को भी पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में गोलाबारी की। जिससे जम्मू-कश्मीर के एक अधिकारी समेत 5 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना के अधिकारियों के मुताबिक जम्मू क्षेत्र के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रिहायशी व सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान ने दागी मिसाइलें



## जम्मू में गोलीबारी, धार्मिक स्थलों पर निशाना




**जम्मू ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की ओर से रात को हुए हमले के बाद जम्मू-कश्मीर से सुबह की ताजा तस्वीरें सामने आई हैं। गोलीबारी की वजह से जम्मू शहर के रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा है. कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

जम्मू-कश्मीर के उरी में पाकिस्तानी गोलाबारी में मकान और संपत्तियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, ये गोलाबारी नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर की जा रही है। पाकिस्तान की सेना ने भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाया है। वहीं आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट के पास भी पाकिस्तान ने ड्रोन से हमले का प्रयास किया जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट का कदम जनहित में सराहनीय : नवाब सिंह नागर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एनटीबीसीएल की पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई है। डीएनडी में टोल को लेकर प्रमुख भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व प्रदेश मंत्री नवाब सिंह नागर ने इसे जनहित में श्रेष्ठ कदम बताया है।



उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका खारिज कर दिया, जिसमें कंपनी ने टोल वसूली को जारी रखने की अनुमति की मांग की थी। कोर्ट का यह निर्णय नागरिकों के हितों की रक्षा करने वाले पूर्व आदेश को ही दोहराता है, जो पहले भी यह कह चुका है कि सार्वजनिक हित, विशेष रूप से आम नागरिकों की सुविधा, व्यावसायिक हितों से ऊपर है

यह आदेश एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि न्यायपालिका आम जन की आवाज़ को सुनने और उनके हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने इस संघर्ष में शामिल अपने सभी साथियों,जनहित मोर्चा एवं संबंधित संगठनों को धन्यवाद एवं बधाई दी।

## सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल न तोड़ें: मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में शिक्षक और मेधावियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिक्षकों को नेशन फर्स्ट का भाव लेकर काम करने की सीख दी।



सीएम योगी ने कहा कि ज्ञान बांटने के साथ ही शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्रधर्म, संस्कृति और संस्कार के बारे में भी विद्यार्थियों को शिक्षा दें। देश की सुरक्षा और संस्कृति बचाने में केवल प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के जवानों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि शिक्षकों की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। नैतिक मूल्यों और संस्कारों को बचाने के लिए शिक्षक अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती हमारी माता है और हम सब उसके पुत्र हैं, इस भावना के साथ हम सभी को देश की तरक्की को लेकर काम करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को देखकर कभी-कभी बुरा लगता है। कुछ लोग उसके माध्यम से देश को तोड़ने और सेना के मनोबल को गिराने का कार्य करते हैं। इससे हमें बचाना चाहिए। देश है तो हम हैं, इस भावना को हर देशवासी को अपने जेहन में रखना होगा।

सीएमएस के बच्चों द्वारा पेश की गई नृत्य नाटिका आदियोगी के मंचन की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक परंपरा है, जिसे बच्चों ने जीवंत मंचन कर हमारी संस्कृति और संस्कारों को दिखाने का प्रयास किया है। महाकुंभ के आयोजन की दास्तां और गंगा के अवतरण के जीवंत दृश्य हमारे ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा यदि मां गंगा न होती तो क्या होता? मां गंगा-जमुना न केवल देश की समृद्धि में योगदान करती हैं, बल्कि हमारी धरती को भी बचाने का कार्य ही करती है।

## रिलायंस बायोएनर्जी करेगी कचड़े का निस्तारण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण अपने गीले और सूखे कचरे का निवारण रिलाएंस बायोएनर्जी से करवा सकती है। इसका प्लांट रिलाएंस बायोएनर्जी ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से एमओयू साइन होने के बाद बना रहा है। इसका निर्माण करीब एक साल में पूरा हो जाएगा। नोएडा प्राधिकरण यहां दो प्लांट बनवाना चाहता था। इसके लिए प्राधिकरण ने इंडो इनवायरो इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस/ एवर इनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (इआरएमपीएल) और दूसरा एनटीपीसी के साथ एमओयू साइन किए गए थे। ये दोनो ग्रीन कोल और व बायो कंप्रेस्ड गैस बनाएगी।



लेकिन अब तक इन प्लांट का काम शुरू नहीं किया जा सका है। प्राधिकरण ने बताया कि एनटीपीसी का प्लांट लगाने का काम लगभग शुरू करा दिया गया था। वर्तमान में दोनों ही कंपनियों ने कचरा निस्तारण संबंधित कोई काम यहां शुरू नहीं किया। ऐसे में प्राधिकरण दोनों कंपनियों के साथ किए गए अपने एमओयू को निरस्त कर सकता है। इसके पूरे संकेत मिलने लगे है। साथ ही रिलायंस बायोएनर्जी से ही अपना गीला और सूखा दोनों प्रकार के कचरे का निपटारा करवा सकता है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हमे सिर्फ ट्रांसपोटेशन कर वहां कचरे को पहुचाना है। संभवता हम रिलायंस के साथ करार कर सकते है। वर्तमान में अस्तौली में 30 करोड़ की जमीन हमने ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से खरीदी है। ऐसे में उसका प्रयोग करेंगे। भविष्य में दोनों कंपनियों के साथ करार निरस्त किया जा सकता है।

## डूब क्षेत्र में बने फार्महाउस पर फिर गरजेगा बुल्डोजर!

### एरियल मैपिंग के बाद जारी होंगे नोटिस, फिर होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना तथा हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में बने अवैध निर्माण खासकर फार्महाउस अब फिर नोएडा प्राधिकरण तथा प्रशासन के निशाने पर है। इन सभी अवैध निर्माण तथा फार्महाउस पर बुल्डोजर चलेगा। पहले सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएग।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि ये नोटिस एरियल मैपिंग के बाद दिया जाएगा। जिसमें ये तय हो जाएगा कि डूब क्षेत्र में किस स्थान पर कितने फार्म हाउस बने है। इनका कामर्शियल प्रयोग किया जा रहा है। पुलिस यहां अक्सर रेड करती है। इसके अलावा हिंडन में बने पुराने स्ट्रक्चर को ध्वस्त करने की प्लानिंग अभी नहीं है। लेकिन वहां कोई नया निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। यदि होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। हिंडन में बने फार्म हाउसों को भी ध्वस्त किया जाएगा। बता दे इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम बनी है।

बैठक में सीईओ लोकेश एम ने बताया कि यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में एरियल मैपिंग का काम शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जितना निर्माण हो चुका है उसके फुटेज लिए जा रहे है। इसके बाद यदि यहां अवैध निर्माण बढ़ता है तो संबंधित प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, लेखपाल और सिचाई विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। यहां बड़े-बड़े बोर्ड लगाए जाएं ताकि लोगों को जागरुक किया जा सके कि यहां निर्माण और जमीन खरीदना अवैध है।



नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बेहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंड़ी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है। यह दोनों ही नदियां नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं, जहां पर खरीद-फरोख्त प्रतिबंध है।

नोएडा प्राधिकरण ने पिछले डेढ़ साल में अभी तक 150 फार्म हाउसों को तोड़ चुकी है। लेकिन प्राधिकरण की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारम्भ होते ही फार्म हाउस संचालक हाईकोर्ट पहुंच गये थे। उन्होंने प्राधिकरण की इस कार्यवाही को गलत ठहराया था। इसके बाद कुछ दिनों तक यह अभियान रूका था, लेकिन बाद में प्राधिकरण ने इन फार्म हाउसों को फिर से ध्वस्त किया था। अब एक बार फिर से फार्म हाउसों के खिलाफ बड़ा अभियान प्रारम्भ करने की तैयारी की जा रही है।

## जनपद में सोमवार को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बुद्ध पूर्णिमा के कारण 12 मई को सोमवार को जनपद में स्कूल-कॉलेज, प्राधिकरण तथा सरकारी विभागों में अवकाश रहेगा।

सोमवार 12 मई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार पड़ रहा है। बुद्ध पूर्णिमा के कारण उत्तर प्रदेश में सोमवार का अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस आादेश के तहत बैंक यूनियन द्वारा जारी अवकाश तालिका के अनुसार उत्तर प्रदेश में 12 मई सोमवार को बैंकों में पूरा दिन अवकाश रहेगा। ग्राहक इस दिन किसी भी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं शाखा से प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से जारी अधिसूचना के मुताबिक 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी स्कूल बंद रहेंगे। इस छुट्टी में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित और मान्यता प्राप्त विद्यालय शामिल हैं। जनपद में तीनों प्राधिकरणों में भी अवकाश रहेगा।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

# जाबांज सैनिक

वाह, देश के जांबाज सैनिको! क्या निशाना था, क्या लक्ष्य चिह्नित किए गए और मात्र 25 मिनट के ऑपरेशन में ही उन अड्डों, मुख्यालयों, मस्जिदों और मदरसों को मिट्टी और मलबा कर दिया गया, जहां आतंकी पनाह लेते थे। वे पाप, हिंसा और गुनाह के 'हरम' थे। पहलगाम नरसंहार में यहीं के आतंकियों ने हमारी बहू-बेटियों के 'सिंदूर' मिटा दिए थे। एक ही प्रतिघात में 35 साल पुराने प्रतिशोध भी ले लिए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया था। उनका यह कथन भी सार्थक साबित हुआ कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हमारी सेनाओं ने 6-7 मई की दरमियानी रात में 1.05 बजे से 1.30 बजे के मात्र 25 मिनट के समय में आतंकियों के 9 अड्डे मिट्टी में मिला दिए और 100 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को भी नेस्तनाबूद कर दिया। जैश के सरगना मसूद अजहर की टिप्पणी ही हमारे हमलों की आक्रामकता की पुष्टि करती है-काश! मैं भी मर जाता, तो अच्छा होता।' ऑपरेशन में उसकी पत्नी, बेटे, बहन-बहनोई, भांजा-भांजी, भांजे की बीवी, भतीजा आदि खानदान के 10 लोगों को भी 'मिट्टी' होना पड़ा। सरगना के करीबी 4 लोग भी मारे गए। पहलगाम में आतंकियों ने भारत की बेटियों को कहा था-तुम्हें नहीं मारेंगे। जाओ और मोदी को बता दो।' मोदी को तो खुद एहसास था कि 'सिंदूर' मिटाया गया है, लिहाजा उनके आदेश पर सेनाओं ने साझा ऑपरेशन तय कर, सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, रात के अंधेरे में 24 मिसाइलें दाग कर आतंकियों के बिल बिखेर दिए, लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत और फौज को भनक तक नहीं लगी। पाकिस्तान का 'डिफेंस सिस्टम' सोया ही रहा। यह फौज किस आधार पर परमाणु हथियार के इस्तेमाल के दंभ भरती रही है? वाह सैनिको! तुम्हें देश का सलाम, नमन और साधुवाद! देश के लिए यह गौरव और गर्व का दिन है। हालांकि 21 आतंकी ठिकाने चिह्नित किए गए थे। अर्थात 12 आतंकी बिल अभी शेष हैं। हम अफसोस कर रहे हैं कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन सरीखे आतंकी सरगनाओं को जिंदा क्यों छोड़ा गया? शायद अब वे देखेंगे कि अपनों की मौत कितनी भयावह और पीड़ादायक होती है! बहरहाल अभी तो भारत की सेनाओं ने आतंकवाद का प्रथम चरण ही 'मिट्टी' किया है। आरंभ है प्रचंड, पाकिस्तान होगा खंड-खंड! आतंक के बिलों में अब भी 'सपोले' जिंदा हैं। उन्हें भी कुचलना है। अभी तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया, उसका संभावित पलटवार, शेष है। पाकिस्तान ने कबूल किया है कि उसके 31 लोग मारे गए हैं, जबकि कई घायल हुए हैं। उसके पंजाब में आपातकाल घोषित किया गया है। हमने सिर्फ उन्हें मारा है, जिन्होंने हमारी बहू-बेटियों का 'सिंदूर' पोंछ दिया था। उन्हें 'सिंदूर' की कीमत और उसका महत्व क्या पता! बहरहाल भारतीय ऑपरेशन में किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान, दफ्तर और रिहायशी इलाके या इमारत को खंडित नहीं किया गया है। यह आतंकियों पर ही लक्षित आक्रमण था। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने सभी बड़े देशों को ब्रीफ किया है कि हमला आतंकी अड्डों और हत्यारों पर किया गया। चीन और तुर्किये के बयान पाकपरस्त रहे, क्योंकि यह उनकी विवशता थी। अब यदि पाकिस्तान ने पलटवार कर हमला किया, तो पूरा पाकिस्तान हमारी सेनाओं के निशाने पर होगा। फिर युद्ध हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने स्पष्ट चेतावनी दे दी है। हमारी सेनाएं और अर्द्धसैन्य बल फिलहाल 'सुपर अलर्ट' हैं। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बहरहाल अब हमें आतंकवाद पर स्पष्ट राष्ट्रीय नीति बनानी होगी। भारत पाकिस्तान को 'आतंकी देश' और 'शत्रु देश' घोषित करे। पाकिस्तान के मारे गए फौजियों के ताबूतों पर राष्ट्रपति और सेना प्रमुख जनरल मुनीर के नाम के फूल अर्पित किए गए। ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेट कर फौजियों ने सलामी दी। आतंकियों को राजकीय सम्मान से 'अलविदा' कहा जाएगा, तो पाकिस्तान की आतंकी सोच बेनकाब होती है। इस छोटे से ऑपरेशन से पाकिस्तान की फौज को मनोवैज्ञानिक तौर पर लकवा मार सकता है, यह विशेषज्ञों का मानना है। सेनाओं ने पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर तक हमला किया, पाक की फौज को भारत की सेनाओं की क्षमता का एहसास हो जाना चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सूअर बहुत दूर ऐसे घने जंगल में चला गया, जहाँ हाथी-घोड़े का निबाह ( गमन ) नहीं था। राजा बिलकुल अकेला था और वन में क्लेश भी बहुत था, फिर भी राजा ने उस पशु का पीछा नहीं छोड़ा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कोल बिलोकि भूप बड़ धीरा। भागि पैठ गिरिगुहाँ गभीरा॥**
**अगम देखि नृप अति पछिताई। फिरेउ महाबन परेउ भुलाई॥**

राजा को बड़ा धैर्यवान देखकर, सूअर भागकर पहाड़ की एक गहरी गुफा में जा घुसा। उसमें जाना कठिन देखकर राजा को बहुत पछताकर लौटना पड़ा, पर उस घोर वन में वह रास्ता भूल गया॥

**दो0- खेद खिन्न छुद्धित तृषित राजा बाजि समेत।**
**खोजत ब्याकुल सरित सर जल बिनु भयउ अचेत॥**

बहुत परिश्रम करने से थका हुआ और घोड़े समेत भूख-प्यास से व्याकुल राजा नदी-तालाब खोजता-खोजता पानी बिना बेहाल हो गया॥

**फिरत बिपिन आश्रम एक देखा। तहँ बस नृपति कपट मुनिबेषा॥**
**जासु देस नृप लीन्ह छड़ाई। समर सेन तजि गयउ पराई॥**

वन में फिरते-फिरते उसने एक आश्रम देखा, वहाँ कपट से मुनि का वेष बनाए एक राजा रहता था, जिसका देश राजा प्रतापभानु ने छीन लिया था और जो सेना को छोड़कर युद्ध से भाग गया था॥ (क्रमश:...)

# भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

भारत ने अंतत: पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवत: भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवत: वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिछले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी




**वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है।**

उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है।

वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्चत्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा। इससे, भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में और अधिक मजबूत होगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी और वर्ष 2025 के खरीफ मौसम के दौरान मौसम विभाग द्वारा की गई सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी के कारण खुदरा कृषि क्षेत्र में मुद्रा स्फीति (महंगाई) की दर मार्च 2025 माह में कम होकर 3.73 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है। इससे देश के नागरिकों में उत्साह का माहौल जागा है तथा वे एकजुट होकर केंद्र सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध लिए जा रहे निर्णयों का भारी समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे है। इससे यह सिद्ध हो रहा है कि भारत की आर्थिक क्षेत्र में मजबूती के चलते केंद्र सरकार को भी आतंकवाद के विरुद्द कड़े निर्णय लेने में कोई हिचक नहीं हो रही है। साथ ही, भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति के चलते विश्व के अन्य कई देश भी आतंकवाद की लड़ाई में भारत के साथ खड़े नजर आ रहे है। आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक स्थित जितनी अधिक सुदृद्ध होती जाएगी, वैश्विक पटल पर भारत के लिए अन्य देशों का समर्थन और अधिक मजबूत होता जाएगा। और फिर, उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी एवं भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अधिकार भी तो है। भारत की आर्थिक स्थिति जितनी अधिक मजबूत होगी, केंद्र सरकार के सुरक्षा सम्बंधी निर्णय भी उतने ही मजबूत रहेंगे।

– **प्रहलाद सबनानी**

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।



निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है।

**जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व ( एक्टिव इंग्रेडिएंट ) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है।**

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है।

सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा।

– **ललित गर्ग**

# राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आमदनी में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। शब्द-साधक की तरह व्यवहार करेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सुकुमारता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी, हालांकि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। व्यापारिक संतुलन बनेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ संकेत।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। घर में कुछ उत्सव हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

# बिरौंडा के 30 किसानों को मिले आबादी भूखंड



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के बिरौंडा गांव के 30 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड मिल गया है। शुक्रवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा और प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने किसानों को आवंटन पत्र प्रदान किए। पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ड्रा प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई।

## जेवर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व एसीईओ रहे मौजूद

दरअसल, बिरौंडा गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने के बाद से लंबे अर्से से छह फीसदी आवासीय भूखंड लंबित थे। इन किसानों ने भूखंड पाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से भी गुहार लगाई थी। सीईओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आबादी भूखंड शीघ्र देने के निर्देश दिए। नियोजन विभाग से इन भूखंडों को नियोजित करने के तुरंत बाद छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग की तरफ से शुक्रवार को किसानों को आवंटन पत्र जारी कर दिए गए। विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पारदर्शी प्रक्रिया की सहराना की। भूखंड पाने वाले किसानों ने खुशी जताते हुए प्राधिकरण के प्रति आभार जताया।

प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि इन सभी किसानों को आवंटन पत्र जल्द जारी कर दिए जाएंगे। उसके बाद इन किसानों से तय समय सीमा में लीज डीड की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इस दौरान प्रबंधक प्रमोद, संदीप रावल आदि मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने संजय पाल को बनाया व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी अपने सभी प्रमुख राज्यों में संगठन विस्तार कर रही है इसी क्रम में राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के संगठन को विस्तार करते हुए व्यापार प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संजय पाल को नई जिम्मेदारी दी है।

संजय पाल 2022 के विधानसभा चुनावों में कानपुर नगर की घाटमपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार रहे है। संजय पाल ने पार्टी में जुड़ने से पहले कई अन्य देशों में भी जाकर कार्य किए है।उनके इसी अनुभव को देखते हुए पार्टी ने संजय पाल को व्यापार प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी है।

# नोएडा महानगर भाजपा अध्यक्ष का एक रूप यह भी!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किसी को आत्मनिर्भरता तथा सादगी का उदाहरण देखना हो तो वह नोएडा महानगर के भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान के घर जाएं। सब जानते हैं कि भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान पिछले तीन दशक से अधिक समय से भाजपा में बतौर कर्मठ सिपाही कार्य कर रहे हैं। इस दौरान वे विभिन्न पदों पर सकुशल जिम्मेदारी का भी निवर्हन कर चुके हैं। उनकी सक्रियता को देखकर भाजपा ने उनको नोएडा महानगर अध्यक्ष की कमान सौंपी है लेकिन बहुत कम लोग उनके दूसरे रूप को जानते हैं कि वह अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए स्वयं रसोई में जाकर उनके लिए चाय बनाने में भी कोई संकोच नहीं करते हैं।



हाल ही में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अमित त्यागी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र चौधरी आदि कई कार्यकर्ता उनके घर गए। इस दौरान घर के लोग कहीं गए हुए थे तो उन्होंने स्वयं रसोई में जाकर अपने साथियों के लिए चाय बनाई तथा सभी को चाय पिलाकर फिर उनके साथ सांगठनिक अनौपचारिक चर्चा की। पार्टी के कई कार्यकर्ता जो उनके इस रूप को जानते हैं वह कहते हैं कि आत्मनिर्भरता तथा सादगी का उदाहरण अगर देखना हो तो वह महेश चौहान का अनुसरण करें। अमूमन यह गुण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं में पाया जाता है लेकिन महेश चौहान भी उसी का अनुसरण कर रहे हैं।

# छात्रों के लिए करियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से शुक्रवार को गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज और सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज के 10वीं, 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए करियर ओरियंटेड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह की मौजूदगी में दोनों विद्यालयों के 10, 11 व 12वीं के छात्रों को आईआईटी रुड़की के पासआउट संदीप सिंघल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर से जुड़ी तमाम जानकारी दी।

केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल की निदेशिका ज्योति गुप्ता ने भी छात्रों के भविष्य से जुड़ी तमाम जरूरी जानकारी दी।

# 23वां नवरत्न वार्षिक उत्सव कल : डॉ. श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 23वां नवरत्न वार्षिक उत्सव एवं नवरत्न सम्मान समारोह 11 मई 2025 (रविवार) को सायं 5:30 बजे, NEA भवन सेक्टर-6, नोएडा में आयोजित होगा। यह जानकारी नवरत्न फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने दी।



उन्होंने बताया कि यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन करुणामयी सेवियों की वंदना है, जिन्होंने अपने जीवन को दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

इस प्रेरणामयी संध्या को संगीत की सुरमयी लहरियों से सजाएंगे ज़ी टीवी सारेगामापा लिटिल चैंप्स एवं राइजिंग स्टार फेम लोकप्रिय गायक दिवाकर शर्मा, जो दिल्ली-एनसीआर के नवांकुर गायकों के साथ मिलकर आत्मा को छू लेने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन की जानकारी देते हुए नवरत्न फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने कहा समर्पण सिर्फ शब्द नहीं, एक भावना है, वो भावना जो किसी की पीड़ा को अपनी समझ बैठती है।

# पृष्ठ एक के शेष....

**पाकिस्तान पर प्रचंड....**

जिसका भारत ने पूरी तत्परता और ताकत से जवाब दिया।

**पाक ने नागरिक इलाकों को बनाया निशाना**

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कल रात पाकिस्तानी सेना की ओर से भारत को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि श्रीनगर से नालिया तक पाकिस्तान ने 26 लोकेशन पर ड्रोन से हवाई घुसपैठ की कोशिश की। शनिवार सुबह 1 बजकर 40 मिनट पर पाकिस्तान ने हाई स्पीड मिसाइल से पंजाब एयर बेस को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की. पाकिस्तानी सेना ने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, लड़ाकू विमानों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया. इन हमलों में उधमपुर, भुज, पठानकोट और बठिंडा एयर फोर्स स्टेशनों पर सीमित क्षति हुई। पाकिस्तान नागरिक इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है. यह चिंताजनक है कि पाकिस्तान अब भी नागरिक विमानों को कवर के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उसकी ओर से लगातार गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं. सिरसा, सूरतगढ़, आदमपुर में भारतीय सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने के पाकिस्तानी दावे पूरी तरह झूठ और मनगढ़ंत हैं।

**पाकिस्तान के चार एयरबेस तबाह**

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारतीय कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत ने केवल सैन्य ठिकानों पर ही सटीक हमले किए. पाकिस्तान ने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूल पर भी हमला किया। भारतीय वायुसेना की अधिकारी व्योमिका सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान के पांच सैन्य ठिकानों पर एरियल लॉन्ग प्रिसिजन हथियारों का इस्तेमाल करके भारत ने हमले किए. पाकिस्तान के मुरीद चकवाल एयरबेस, नूर खान रावलपिंडी एयरबेस, रफीकी शोरकोट एयरबेस और रहीम यार खान एयरबेस को भारत के सटीक हमले में काफी नुकसान पहुंचा है। साथ ही सियालकोट एयरबेज को भी नुकसान पहुंचा है। इन जवाबी कार्रवाइयों को अंजाम देते समय भारत ने कम से कम कोलेटरल डैमेज सुनिश्चित किया. पाकिस्तानी हमलों का जवाब देने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है।'

**भारत के सैन्य ठिकाने व एयरबेस सुरक्षित**

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सरकार ने कहा कि यह पाकिस्तान की हरकतें हैं जो उकसावे और तनाव को बढ़ावा दे रही हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई का संतुलित तरीके से बचाव किया है और जिम्मेदारी से प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में उसके दावे झूठ, गलत सूचना और दुष्प्रचार पर आधारित हैं। भारत के विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों को नष्ट करने का उनका दावा झूठा है। सिरसा, सूरतगढ़, आदमपुर में वायुसेना स्टेशनों को नुकसान पहुंचाने का पाकिस्तानी दावा पूरी तरह झूठा है. मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इन झूठों से गुमराह न हों। पाकिस्तान स्पष्ट उद्देश्यों के लिए इस तरह का झूठ फैला रहा है। पाकिस्तान ने विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर और पंजाब में नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का अपना अनियंत्रित अभियान जारी रखा है। विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है. राजौरी में अतिरिक्त जिला संभागीय आयुक्त की पाकिस्तानी गोलाबारी में मौत हुई है। फिरोजपुर और जालंधर में निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है और नागरिकों को चोटें आई हैं। पाकिस्तान यह कहकर भारत को विभाजित करने का प्रयास कर रहा है कि हम अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान के चार एयरबेस को निशाना बनाया है। इसके साथ ही पाकिस्तान की तरफ से भारत के कई शहरों को निशाना बनाया गया. पाकिस्तान ने श्रीनगर सहित कई सरहदी इलाकों में सेना का जमावड़ा शुरू कर दिया है। वहीं, सूत्रों ने बताया है कि श्रीनगर और आस-पास के इलाकों में पाकिस्तान के साथ भारी मुठभेड़ चल रही है। सेना ने इलाके में सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम को एक्टिव कर दिया है।

**पाक गोलाबारी में....**

राजौरी जिले में एक पाकिस्तानी गोला कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर पर गिरा. जिससे राजौरी के अतिरिक्त उपायुक्त राज कुमार थापा और उनके दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि थापा बच नहीं पाए, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा किराजौरी से दुखद समाचार! हमने जम्मू-कश्मीर प्रशासन सेवा के एक समर्पित अधिकारी को खो दिया है। कल ही वह डिप्टी सीएम के साथ जिले में घूम रहे थे और मेरी अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्व. थापा के घर पर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना भी दी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या : LS-GD-2025-Modify-MPCS-R,** "मौजूदा सर्किट को परिवर्तित और संशोधित करके और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में एमपीसीएस के लिए उपयुक्त नई वायरिंग प्रदान करके रिले प्रकार के लोकोमोटिव को एमपीसीएस फिटेड लोकोमोटिव में परिवर्तित करना।" अनुमानित लागत (रू. में) :– ₹ 16,28,955.50, निविदा की अवधि : – 24 माह, अग्रिम धन राशि (रू. में) :– ₹ 32,600.00, ● ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 30/05/2025, 12:00 बजे। ● इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध। ● निविदाकार, ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

समंविइं/टीआरएस पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा
मुजाधि/विद्युत- 27

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



खास खबर

### पाकिस्तान आर्मी में बगावत शुरू

**इस्लामाबाद।** भारत पाकिस्तान के बीच चले हमलों के दौर के बाद पाकिस्तान की सेना में जमकर बगावत हो गई है। तमाम लोगों का कहना है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर की रणनीति फेल हो गई है और पाकिस्तान की हो रही थू थू के लिए जिम्मेदार मुनीर को ही माना जा रहा है। ऐसे में हो सकता है कि उन्हे अपने पद से हाथ धोना पड़े। दो दिन में लगातार दो हार के बाद भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख की पोल खुल चुकी है। हवा में गिदड़भभकी देने वाले आसिम मुनीर की ही कुर्सी खतरे में पड़ गई है। खबर आ रही है कि सेना में उनके खिलाफ बगावत का खतरा मंडरा रहा है। इसके एक दो सबूत तो सामने हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु समझौता रद्द किया तभी आसिम मुनीर विदेश में रहने वाले मुसलमानों और अपनी ताकत दिखाने के लिए बेतूका बयान देना शुरू कर दिए। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के गर्दन का नस बताया था। टू-नेशन थ्योरी का समर्थन करते हुए कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते।

### पाक मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुआ रजौरी का मकान

**रजौरी।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव अब चरम पर पहुंच चुका है। भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान के साथ-साथ एयरबोर्न वॉर्निंग सिस्टम (एडब्ल्यूएसीएस) को मार गिराए जाने के बाद पाकिस्तान की हताशा साफ झलक रही है। इसी बौखलाहट में पाकिस्तान द्वारा की गई मिसाइल और गोलाबारी ने सीमा से सटे रजौरी जिले में आम नागरिकों को भी प्रभावित किया है। रजौरी में एक नवविवाहित जोड़ा–ऋषि और श्रुति–उस समय स्तब्ध रह गया जब उनके घर के पास एक पाकिस्तानी मिसाइल आकर गिरी। उनके घर की खिड़कियों के शीशे पूरे बरामदे में टूटकर बिखर गए, दीवारों से सीमेंट उखड़ चुका था और फर्श पर मलबा इस कदर बिखरा था जैसे घर में निर्माण कार्य चल रहा हो। वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके सुंदर घर का सौंदर्य एक ही झटके में बर्बाद हो गया। वहीं दूसरी ओर, 60 वर्षीय मजदूर चुन्नी लाल के लिए यह हमला त्रासदी बनकर आया। ाविर में शरण लेने को मजबूर हैं।

### एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में खुलेंगे सस्ते कैफे

**नई दिल्ली ।** देश के सभी एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में सस्ते कैफे खोले जा रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मुंबई चेन्नई हैदराबाद पुणे भुवनेश्वर विजयवाड़ा कोच्चि भोपाल मे एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में कैफे खोलने की अनुमति दे दी है। जो नए कैफे तैयार हो रहे हैं। उसमें खाद्य सामग्री की कीमत तय की गई है। चाय 10 रुपए में काफी 20 रुपए में समोसा 20 रुपए में बड़ा पाव 20 रुपए में स्वीट पीस 20 रुपए में तथा पानी की बोतल 10 रुपए में यात्रियों को उपलब्ध होगी। अभी एयरपोर्ट के अंदर चाय काफी और अन्य खाद्य पदार्थ काफी महंगे बिकते हैं।150 से 200 रुपए तक पानी की बोतल मिलती है।200 से 250 रुपए की चाय काफी या अन्य खाद्य सामग्री लेने यात्रियों को विवश होना पड़ता है। लगातार इसकी शिकायत यात्रियों द्वारा एयरपोर्ट अथॉरिटी से की जा रही थी।

# घुसपैठ की कोशिश कर रहे जैश के सात आतंकियों को बीएसएफ ने किया ढेर

एजेंसी

**श्रीनगर।** भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में बीती रात बीएसएफ ने जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकियों को ढेर कर दिया, जो सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रही उकसावे वाली गतिविधियों के बीच हुई। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह घुसपैठ ऐसे समय में हुई जब भारत ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर समेत कई सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान के



हमलों की साजिश को नाकाम कर दिया। सीमा सुरक्षा बल की सतर्कता और तेज प्रतिक्रिया के चलते जैश के सभी घुसपैठिए मारे गए। भारतीय सेना ने बताया कि 8 और 9 मई की दरम्यानी रात पाकिस्तान की सेना ने पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों के जरिए कई मोर्चों पर हमले की कोशिश की। साथ ही एलओसी पर कई बार सीजफायर का उल्लंघन भी किया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इन सभी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। सभी ड्रोनों को मार गिराया है और सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। सेना ने साफ कहा कि भारत की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए हर जरुरी कदम उठाया जाएगा और किसी भी प्रकार की घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर से लेकर जैसलमेर तक भारत के करीब 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी के चलते यह कोशिश नाकाम कर दी गई। ताजा घटना भारत की सुरक्षा एजेंसियों की चुस्ती, सतर्कता और तैयारी का प्रमाण है, जो यह तय करती हैं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और रहेंगी।

## मुंबई पर हमले की आशंका, हाई अलर्ट जारी, मुंबई पुलिस की सभी छुट्टियां रद्द

एजेंसी

**मुंबई।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण मुंबई में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए कायराना हमले को लेकर देश भर में महत्वपूर्ण जगहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस बीच बौखलाए पाकिस्तान ने मुंबई पर भी हमले की धमकी दी है। जिसके बाद मुंबई पुलिस की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर हाई अलर्ट है। महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गेटवे ऑफ इंडिया समेत महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर हाई अलर्ट है। महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों को सक्रिय कर दिया गया है। मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर ने भी सुरक्षा के



मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से कल रविवार से भक्तों को माला और नारियल चढ़ाने पर रोक लगा दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एहतियातन यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में मंदिर प्रशासन की ओर से जल्द ही आधिकारिक जानकारी जारी की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से इस फैसले में सहयोग करने की अपील की है। बताया गया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए भक्तों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है, इसलिए यह बदलाव किया गया है।

## भारत ने लाहौर में ड्रोन, कराची सहित कई शहरों में मिसाइल अटैक

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं। लाहौर पर भारत ने ड्रोन से बड़ा अटैक किया है। इसके अलावा, पेशावर, सियालकोट, इस्लामाबाद जैसे शहरों में भी मिसाइल और ड्रोन हमलों से हड़कंप मच गया है। इससे पहले भी भारत ने पाकिस्तानी हमलों का जवाब देते हुए लाहौर में मौजूद पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया था, जिससे पड़ोसी मुल्क को बड़ा झटका लगा। भारत के जवाबी ऐक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार देर रात जम्मू, राजस्थान, पंजाब, गुजरात आदि में मिसाइलों और ड्रोन से हमला कर दिया। हालांकि, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इन



मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। भारत सरकार ने बताया,पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। बयान में कहा गया है कि यहां भी भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और तोपखाने की गोलीबारी रोकने के लिए जवाब देने के लिए बाध्य होना पड़ा। मंत्रालय ने कहा, भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे। पाकिस्तान ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट, जैसलमेर, फिरोजपुर समेत कई शहरों पर कुछ ही समय के भीतर मिसाइलों से हमला बोला। इन हमलों का सामना करने के लिए भारत का एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 पूरी तरह से तैयार था। जैसे ही मिसाइलें और ड्रोन हवा में नजर आईं, तुरंत ही इन्हें मार गिराया गया। जम्मू, चंडीगढ़, मोहाली, कच्छ, भुज आदि शहरों में भी ब्लैकआउट किया गया है। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट्स को मार गिराया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर-के तबाह कर दिया था। इसमें 100 से अधिक आतंकी ढेर हुए हैं।

### कोटा में 7 जुलाई तक नहीं उड़ा सकेंगे ड्रोन

**कोटा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कोटा शहर में स्थित आर्मी एरिया, थर्मल पावर स्टेशन, एयरपोर्ट, कोटा बैराज, डीसीएम तथा कोटा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), गोयल प्रोटीन (थाना मंडाना), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ऑयल डिपो बृजेशपुरा (थाना कैथून), चंबल फर्टीलाइजर केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) गढ़मान (थाना सीमलिया), नवनेरा डैम (थाना बूढ़ादीत), मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोडक (थाना मोडक) एवं इनके आसपास 50 मीटर की परिधि को ड्रोन संचालन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है।

## किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने प्रेम संबंध अपराध नहीं: हाईकोर्ट

एजेंसी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट का उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा देना है, न कि किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने प्रेम संबंधों को अपराध की श्रेणी में डालना। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने राज सोनकर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही, जिसे एक नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। बता दें चंदौली निवासी 18 साल के राज सोनकर पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। राज सोनकर के वकील ने दलील दी कि आरोपी पूरी तरह निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि एफआईआर दर्ज करने में 15 दिनों की देरी हुई है, जिसके पीछे कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। पीड़िता की उम्र भले ही शैक्षणिक दस्तावेजों के मुताबिक 16 साल से थोड़ी कम है, लेकिन आरोपी खुद मात्र 18 साल का है। इस प्रकरण में दोनों के बीच सहमति से बना प्रेम संबंध है, जो कि किशोरावस्था का एक स्वाभाविक व्यवहार माना जाना चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि पॉक्सो एक्ट का निर्माण 18 साल से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा देने के लिए किया गया था, लेकिन वर्तमान समय में यह कानून कई बार खुद किशोरों के शोषण का माध्यम बनता जा रहा है। यह अधिनियम कभी भी किशोरों के आपसी सहमति वाले प्रेम संबंधों को अपराध मानने के लिए नहीं था।

## सिरसा से अमृतसर-कटरा जाने वाली बस सेवा बंद, छात्र हो रहे परेशान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी जंग से चंडीगढ़, पंजाब और सीमांत राज्यों में अलर्ट है। पंजाब और राजस्थान बॉर्डर से लगे हरियाणा के सिरसा से अमृतसर-कटरा जाने वाली बस सर्विस बंद कर दी गई है। पंजाब में कई जिलों में संवेदनशील स्थिति बनी हुई है। खासकर पाकिस्तान से लगे 6 जिलों में कई बार हमले की कोशिश हुई है। ऐसे में इन जिलों के लिए भी बस सेवा बंद कर दी गई है। वहीं, चंडीगढ़ के लिए अभी बस सेवा जारी है।

वहीं चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडर टैकिंग (सीटीयू) ने भी जम्मू-कटरा जाने वाली अपनी बस बंद कर दी गई है। सीटीयू के एक अधिकारी ने बताया कि रोज सुबह और शाम को चंडीगढ़ से जम्मू और कटरा के लिए बस जाती थी। गुरुवार शाम को जो बस गई थी, सुरक्षा कारणों का हवाला देकर उसे पठानकोट से वापस कर दिया गया, जिसके बाद शुक्रवार सुबह सीटीयू की तरफ से जम्मू-कटरा की तरफ जाने वाली बस बंद कर दी गई। वहीं चंडीगढ़ सहित पंजाब के 7 शहरों पर गुरुवार को पाकिस्तान ने मिसाइल दागी थीं, जिन्हें भारतीय सेना ने ध्वस्त कर दिया था। शुक्रवार सुबह फिर चंडीगढ़ में एक बार फिर सायरन बजने लगे थे।

### शाहबाज को एर्दोगन का मिला साथ

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन को ह्यभाईह्व कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कह दिया है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने पोस्ट कर कहा, मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी देकर कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्किये की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्किये ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन कर संप्रभुता का उल्लंघन माना था।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने की पाक पीएम से बात कहा-

## आतंकवाद को समर्थन देना बंद करो

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान से तनाव कम करने की अपील की है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से अलग-अलग बातचीत की। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से कहा गया है कि रुबियो ने दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही अमेरिका ने यह भी दोहराया कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है।

रुबियो ने दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने की जरूरत पर दिया बल



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई है और पाकिस्तान से आतंकियों को समर्थन देना बंद करने की अपील की है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि विदेश मंत्री ने तुरंत तनाव कम करने की जरुरत पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान से आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और पहलगाम हमले पर शोक जताया। इस बातचीत की पुष्टि एस. जयशंकर ने की। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज शाम अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से बात हुई। जयशंकर ने भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ साझेदारी के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने लिखा- भारत ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निशाने पर रखकर सीमित जवाब दिया है। किसी भी उकसावे का मजबूती से जवाब देंगे। अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर बात कर क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने की जरूरत पर जोर दिया।

## ट्रंप ने एक हजार ट्रांसजेंडर सुरक्षाकर्मियों को निकालने का दिया आदेश

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने सेना से ट्रांसजेंडरों को बाहर निकालने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यूएस रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अपने आप को ट्रांसजेंडर बताने वाले 1000 सुरक्षाकर्मियों को सेना से तुरंत बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा ऐसे सैनिक जो खुले तौर पर अपने आप को ट्रांसजेंडर नहीं मानते हैं, उन्हें भी 30 दिन के अंदर अपनी पहचान बताने और सेना से बाहर जाने के लिए कहा गया है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को इस मुद्दे पर इजाजत दे दी थी कि वह



ट्रांसजेंडर्स को सेना से बाहर कर सकते हैं या फिर उन्हें आने से रोक सकते हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद पेंटागन ने यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रक्षा विभाग में अब ट्रांसजेंडर नहीं होंगे। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यह तय करना मुश्किल होता है कि सेना में कौन ट्रांसजेंडर है और कौन नहीं.. हालांकि सैनिकों के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर इसका पता लगाया जा सकता है। इसके बाद जितने भी सैनिक इस सूची में आएंगे उनको सेना से बाहर कर दिया जाएगा। पेंटागन के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि फिलहाल जिन 1000 सैनिकों को सेना से बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है यह वह लोग हैं जो पहले ही अपनी पहचान को ट्रांसजेंडर के रूप में सार्वजनिक कर चुके हैं। जल्द ही इन्हें सेना से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद आदेश के मुताबिक बाकी के ट्रांसजेंडरों को पेंटागन के सामने अपनी पहचान को बताने का समय दिया गया है।

### भारत की कार्रवाई से अमेरिका गदगद

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अंदर बैठा खूंखार आतंकी अब्दुल रऊफ अजहर मारा गया है। यह आतंकी मसूद अजहर का भाई भी है, जो आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का सरगना है। अब्दुल अजहर ही जैश की कमान संभालता था और लंबे समय से सीनियर कमांडर है। कंधार विमान अपहरण कांड में मसूद अजहर को छोड़ना पड़ा था और उसने ही मुंबई आतंकी हमलों की साजिश रची थी। ऐसे में उसके भाई का मारा जाना भारत के एक दुश्मन के खत्म होने जैसा है। यही नहीं अमेरिका को भी इस आतंकी के कत्ल से खुशी मिली है। यही नहीं अमेरिका के टॉप डिप्लोमैट्स ने अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराने के लिए थैंक्यू बोला है।

## भारत लौट सकता हैं कोहिनूर हीरा, जागी उम्मीद

एजेंसी

**लंदन।** कोहिनूर हीरे को लेकर फिर से चर्चा तेज हो गई है। ब्रिटेन की संस्कृति मामलों की सचिव, लिसा नैंडी ने भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही बातचीत का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि दोनों देश पुराने सांस्कृतिक विरासतों और ऐतिहासिक चीजों को लेकर मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें कोहिनूर हीरा भी शामिल है, जो भारत के इतिहास और ब्रिटिश शासन से गहराई से जुड़ा हुआ है। नैंडी ने बताया कि चर्चा इस पर हो रही है कि कैसे दोनों देश मिलकर अपने नागरिकों को इन सांस्कृतिक धरोहरों तक पहुंच दिला सकते हैं। ब्रिटेन में भारतीय मूल की मंत्री लिसा नैंडी ने बताया कि हम



भारत और ब्रिटेन के बीच लंबे समय से बातचीत कर रहे हैं, ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि दोनों देशों के लोग इन सांस्कृतिक चीजों से जुड़ सकें, जो एक अलग दौर से आई है। मैंने अपने भारतीय समकक्ष से भी इस बारे में बात की है। उनके बयान से फिर उम्मीद जागी है कि कोहिनूर भारत वापस आ सकता है। कोहिनूर दुनिया के सबसे बड़े कटे हुए हीरों में से एक है, जिसका वजन करीब 105 कैरेट है। हीरे की शुरूआत को लेकर मतभेद हैं, लेकिन माना जाता है कि यह गोलकोंडा की खदानों से निकला था। इस 13वीं सदी में वर्तमान आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के कोल्लूर खान से निकाला गया था। इसके बाद यह कई राजवंशों के हाथों से गुजरते हुए पहले मुगलों के पास, फिर ईरानी और अफगानी शासकों के पास रहा। साल 1813 में पंजाब के सिख महाराजा रणजीत सिंह के पास यह हीरा पहुंचा। लेकिन जब अंग्रेजों ने पंजाब पर कब्जा किया, तब सिंह के बेटे दलीप सिंह को मजबूर किया गया कि वह यह हीरा अंग्रेजों को तोहफे के रूप में दे दें।

# बांग्लादेश में आम चुनाव की हलचल तेज, नई ताकतें भी मैदान में

एजेंसी

**ढाका।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में बांग्लादेश आम चुनाव की ओर अग्रसर होता दिख रहा है। चुनाव को लेकर ढाका में राजनीतिक गतिविधियाँ जोर पकड़ रही हैं। हालाँकि चुनाव की औपचारिक तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने संकेत दिए हैं कि आम चुनाव दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में हो सकते हैं। ऐसा करना उनके लिए भी सही ही होगा, क्योंकि अब देश के हालात बदल रहे हैं और इसमें जोर-जबरदस्ती काम आने वाली नहीं है। यह बात पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों पर किए गए भारतीय कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है।

देखने में आया है कि यूनुस और उनकी समर्थित सरकार लगातार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर भारत को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे में देश में एक नया समीकरण भी बनने लगा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना की पार्टी और छात्रों के संगठन सरकार के खिलाफ खुलकर सड़कों में आने का मन बना चुके हैं, ऐसे में मौजूदा अंतरिम सरकार के लिए यही अच्छा होगा कि वह जल्द से जल्द देश में आम चुनाव कराने की घोषणा कर दे। वैसे देखने में आ रहा है कि शेख हसीना की अवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनावी रणनीतियों में जुट चुकी हैं। दोनों दलों ने राजनीतिक



सभाएं, जनसंपर्क अभियान और प्रचार गतिविधियों को तेज कर दिया है। खालिदा जिया की लंदन से वापसी ने बीएनपी कार्यकताओं में नई ऊर्जा भर दी है और पार्टी ने घोषणा की है कि वह सभी 300 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस चुनाव में एक नया मोड़ नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की सक्रियता के रूप में सामने आया है। यह पार्टी छात्र आंदोलनों से उभरी है और अब ग्रामीण इलाकों से लेकर कॉलेज परिसरों तक तेजी से अपना जनाधार बना रही है। एनसीपी ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और चुनावी सुधार की मांग की है। पार्टी के दक्षिण प्रमुख हसनत अब्दुल्ला का कहना है कि वे इस चुनाव को तभी वैध मानेंगे जब इन मांगों पर कार्रवाई होगी।

### राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावनाएं

एनसीपी का उभार, धार्मिक संगठनों से संभावित गठजोड़, और अवामी लीग विरोधी रुख से संकेत मिल रहे हैं कि इस बार का चुनाव पारंपरिक दो-ध्रुवीय मुकाबले से अलग हो सकता है। बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भी शंका जताई है कि अवामी लीग के शासन में निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं होंगे। ऐसे में सभी की निगाहें भारत की ओर टिकी हैं, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकवादियों का सफाया करने के बाद क्या होगा यह फिलहाल कोई नहीं बता सकता है।

### क्षेत्रीय तनाव और सुरक्षा की चुनौती

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बांग्लादेश के चुनाव पर क्षेत्रीय स्थिरता की चिंता भी मंडरा रही है। हालांकि सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिति का असर चुनावी माहौल और सुरक्षा इंतजामों पर जरूर पड़ेगा।

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भारत पाक से की शांति की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने दोनों देशों से संयम और संवाद की अपील की है। संगठन ने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी हल नहीं है, विशेष रूप से तब, जब दोनों देशों के पास परमाणु हथियार मौजूद हों।

बोर्ड ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक के बाद बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि वह देश की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों का समर्थन करता है, लेकिन आम नागरिकों की जिंदगी और शांति भी उतनी ही अहम है। एआईएमपीएलबी ने आतंकवाद और निर्दोष लोगों की हत्या की सख्त निंदा करते हुए कहा कि इस्लाम में हिंसा और आतंक के



लिए कोई स्थान नहीं है। बोर्ड ने अपने संदेश में लिखा है, कि इस्लामी शिक्षाएं, वैश्विक सिद्धांत और मानवीय मूल्य किसी भी प्रकार के आतंकवाद को खारिज करते हैं। भारत-पाक को बातचीत और आपसी समझ से समाधान निकालना चाहिए। यह बयान ऐसे समय पर आया है जबकि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## खास खबर

### रोहित ने की सेना की प्रशंसा

**नई दिल्ली ।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सेना की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार उसने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी शिविरों को नष्ट किया है। उसपर पूरे देश को गर्व है। साथ ही कहा कि इस मुश्किल समय में सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए किसी भी प्रकार की फर्जी खबरों से बचें। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया है, ऐसे में लोगों के लिए अफवाहों से बचना जरुरी है। रोहित ने सोशल मीडिया में अपनी एक पोस्ट करते हुए अपने संदेश में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की बहादुरी की सराहना की, जो देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लिखा, हर पल, हर फैसले के साथ मुझे हमारी थलसेना, वायुसेना और जलसेना पर गर्व हो रहा है। हमारे योद्धा अपने देश के गर्व के लिए मजबूती से खड़े हैं। ऐसे समय में देश के हर नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा और फर्जी खबरों से बचना होगा।

### रायुडू के बयान पर भड़के लोग

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच ही भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ऑपरेशन सिंदूर के बाद की गयी अपनी एक पोस्ट के कारण विवादों में आ गये हैं। इसमें उन्होंने उन्होंने लिखा कि आंख के बदले आंख लेना पूरी दुनिया को अंधा कर देगा।रायुडू की इस बात से प्रशंसक भड़क गये और उन्हें जमकर ट्रॉल किया जाने लगा। इसके बाद मौके की नजाकत को देखते हुए रायुडू ने अपनी इस पोस्ट को हटाकर बात संभालने के प्रयास किये। इसी के तहत ही रायुडू ने आंख के बदले आंख वाले पोस्ट के करीब एक घंटे के बाद एक और पोस्ट भेजी, जिसमें उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और सीमा से सटे भारत के अन्य हिस्सों में शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना। प्रभावित सभी लोगों के लिए शक्ति, सुरक्षा और शीघ्र समाधान की आशा। जय हिंद! इसके एक घंटे बाद फिर से उन्होंने पोस्ट किया और फिर से आंख के बदले आंख वाले बयान पर स्पष्टीकरण देने के प्रयास करते हुए लिखा, आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है।

### पीसीबी ने पीएसएल को किया स्थानांतरित

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि भारत के साथ संघर्ष और रावलपिंडी स्टेडियम में हुए ड्रोन हमलों के बाद सुपर लीग (पीएसएल) के बचे हुए मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। पीएसएल के 10वें सीजन के 8 मुकाबले अभी होने शेष हैं। इसमें चार प्लेऑफ के मैच हैं जबकि बचे हुए चार लीग मैच हैं। पीसीबी ने कहा है कि सीमा पर जारी संघर्ष और भारत के ड्रोन हमलों के कारण खिलाड़ियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई थीं जिसके बाद इन्हें दुबई में स्थानांतरित करने पर फैसला हुआ। हैं। पीसीबी ने गुरुवार को इस्लामाबाद में एक आपात बैठक में विदेशी खिलाड़ियों के साथ बात की थी। जिसमें विदेशी खिलाड़ियों ने जल्द से जल्द पाकिस्तान छोड़ने की बात कही थी। पीएसएल 2025 के चार लीग मैच और प्लेऑफ मुकाबले अपने तय कार्यक्रम के अनुसार रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होने वाले थे।

# नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में लेंगे हिस्सा

- दो बार चोट के कारण रह चुके हैं बाहर
- वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड मीट का हिस्सा है गोल्डन स्पाइक
- इससे पहले दो बड़े मुकाबलों में उतरेंगे नीरज




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस साल 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा शहर में होने वाले गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले वह 2023 और 2024 के संस्करणों से चोट के चलते हट गए थे, लेकिन इस बार वह तीसरी बार में किस्मत आजमाने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पिछले दो वर्षों में इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि वह 2024 में विशेष अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे थे। इस बार यह मुकाबला खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह उनके दिग्गज कोच और पूर्व विश्व चैंपियन जान जेलेजनी के होमग्राउंड पर खेला जाएगा। जेलेजनी खुद इस टूनार्मेंट के निदेशक भी हैं।नीरज ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि मैं इस साल ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लूंगा। यह एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है और इस बार यह और भी खास होगी। मेरे कोच जान जेलेजनी ने यहां कई बार जीत दर्ज की है और अब वह टूनार्मेंट के निदेशक भी हैं। गोल्डन स्पाइक मीट 1961 से आयोजित हो रहा है और यह वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेबल प्रतियोगिता है, जो डायमंड लीग के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अहम सिरीज मानी जाती है। इस बार नीरज का मुकाबला 2020 ओलंपिक रजत पदक विजेता और चेक गणराज्य के ही याकुब वाडलेच जैसे शीर्ष खिलाड़ियों से होगा।

गोल्डन स्पाइक से पहले नीरज 16 मई को दोहा डायमंड लीग और 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में नजर आएंगे। उन्होंने दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई के बीच होने वाली एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।

## भारत-पाक तनाच के बीच ही आईपीएल अनिश्चित काल के लिए स्थागित

एजेंसी




**मुम्बई ।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते हुए संघर्ष को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18 वां सत्र बीच में ही अनिश्चित काल के लिए स्थागित कर दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को मैच बीच में ही रोक दिया गया था। वहीं शुरूवार को आईपीएल मुकाबलों को पूरी तरह से स्थगित कर दिया गया। पाक ने गुरुवार रात को देश के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये थे जिसे भारतीय सुदर्शन चक्र एस4 ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश में युद्ध चल रहा हो, तब क्रिकेट खेला जा रहा हो। अभी तक 58 मुकाबले खेले जा चुके हैं, वहीं लीग स्टेज के 12 मुकाबले बाकी है। टूनामेंट का फाइनल मई को कोलकाता में होना था। वहीं आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा, ह्यह्यअभी जो स्थिति है हम उसकी समीक्षा कर रहे हैं। हमारे सामने जो भी स्थिति है वो लगातार बदल रही है। हमें सरकार की तरफ से किसी तरह का कोई निर्देश नहीं जारी किया गया है। ऐसे में हर तरह की चीजों को ध्यान में रखते हुए ही आगे किसी तरह का कोई फैसला लिया जाएगा।

# दिल्ली और पंजाब मैच रद्द होने से प्लेऑफ पर भी पड़ा प्रभाव

एजेंसी



**मुम्बई ।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से जारी संघर्ष के बीच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच रद्द होने से आगे भी आईपीएल के मैचों को लेकर भी संशय व्याप्त हो गया है। गुरुवार को पाक के मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच को बीच में ही रोकना पड़ा था। मैच पूरा नहीं होने के कारण दोनो ही टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिया गया था। ऐसे में आईपीएल अंक तालिका में भी बदलाव आया है। गुजरात टाइटंस की टीम अभी नंबर एक पर हैं उसके 16 अंक है और उसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए बचे हुए 3 में से कम से कम एक और मैच जीतना होगा। वहीं दूसरे नंबर पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 16 अंक हैं पर वह नेट रन रेट में गुजरात से पीछे होने के कारण दूसरे नंबर पर है। उसे भी प्लेऑफ के लिए एक ही मैच जीतना है। वहीं अगर यह मैच बीच में रद्द होता है या फिर बारिश के कारण नहीं हो पाता है तो आरसीबी के 17 अंक हो जाएंगे और उसे तब भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। पंजाब किंग्स के 12 मैचों में 7 जीत के साथ 16 अंक है, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया जबकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनका मैच बीच में रद्द कर दिया गया। पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने अब बचे दोनों मैच जीतना है। मुंबई इंडियंस के पास अभी 12 मैचों में 14 अंक है उसका नेट रन रेट +1.156 है। ऐसे में मुंबई को अगले दो मुकाबले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से जीतने होंगे। इनमें एक भी हार से वह बाहर हो जाएगी। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के पास शीर्ष-4 में जगह बनाने का सुनहरा अवसर होगा। दिल्ली कैपिटल्स टीम के 12 मैचों में 6 जीत के साथ 14 अंक हैं।

# रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमताः गांगुली

एजेंसी



**कोलकाता ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। गांगुली ने रोहित की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। गांगुली ने कहा कि रोहित एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनमें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है। उनका करियर शानदार रहा है। अभी वह भारत के लिए एकदिवसीय और आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे। गांगुली ने कहा कि रोहित ने कप्तान के रूप में भारत को कई यादगार जीत दिलाई हैं। गांगुली ने रोहित की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब वह बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब उन्होंने 2021 में रोहित को भारतीय टीम का कप्तान बनाया था। उस समय उनके इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी, खासकर जब विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी थी। गांगुली ने कहा कि जब मैंने रोहित को कप्तान बनाया था, तब मेरी काफी आलोचना हुई थीं पर जब उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीता, तो लोगों ने उस फैसले को सही माना । गांगुली का मानना था कि रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिताकर पहले ही साबित कर दी थी। हालांकि, गांगुली ने कहा कि रोहित का पिछले 4-5 वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उनके कद और क्षमता वाला खिलाड़ी इससे कहीं बेहतर कर सकता था।

## आईपीएल के बाद टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी भारतीय टीम

एजेंसी




**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से 2025-26 सत्र के लिए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरूआत होगी। ऐसे में ये सीरीज दोनो ही टीमों के लिए अहम रहेगी। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा किये जाने के कारण इस सीरीज के लिए नये भारतीय कप्तान की घोषणा अभी होनी है। इस सीरीज के लिए टीम की घोषणा इसी माह के अंत तक होने की संभावनएं हैं। टीम में श्रेयस अय्यर के अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे साई सुदर्शन को भी अवसर मिलने की संभावनाएं हैं। भारतीय टीम को इससे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में भारतीय टीम इस सीरीज में जीत के साथ ही एक बार फिर लय हासिल करना चाहेगी।

**संभावित टीमः** जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार।

## 11वीं रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 11 मई को

**रांची ।** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में दिनांक 11 मई को 1 दिवसीय 11वीं रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन आचार्य कुलम स्कूल नामकुम में किया जा रहा है इस प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधुकांत पाठक जी के द्वारा किया जाएगा प्रतियोगिता में पूरे रांची जिला से चयनित सब जूनियर ,कैडेट एवम् जूनियर ,सीनियर लगभग 350 ताइक्वांडो खिलाड़ी प्रशिक्षक प्रबंधक भाग लेंगे प्रतियोगिता झारखंड ताइक्वांडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जमशेदपुर के गोपाल कुमार के निगरानी में आयोजित होगी प्रतियोगिता में 82 गोल्ड, 82 सिल्वर,164 ब्रांच मेडल के लिए खिलाड़ी आपस में फाइट करेंगे इस जिला प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी भाग लेंगे इस वर्ष होने वाले राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जिला संघ के टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे संघ के जिला सचिव मिथलेश कुमार सिंह ।

# जेसन रॉय की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी

- काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलेंगे




एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जेसन रॉय एक बार फिर रेड-बॉल क्रिकेट में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्हें इस हफ्ते वारविकशायर के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मुकाबले के लिए सरे की टीम में शामिल किया गया है। 34 वर्षीय रॉय ने अब तक 87 रेड-बॉल मैचों में 36.46 की औसत से 9 शतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143 (लंकाशर के खिलाफ, 2015) है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार 2020 की कोविड प्रभावित गर्मियों में बॉब विलिस ट्रॉफी में हैम्पशायर के खिलाफ यह फॉर्मेट खेला था। 2019 विश्व कप में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद रॉय को टेस्ट टीम में मौका मिला था। उन्होंने आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट खेले लेकिन आठ पारियों में महज 13.75 की औसत से रन बना सके। ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक के सामने उनकी तकनीक नाकाम साबित हुई और आखिरकार उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। रॉय की वापसी उनके टी20 करियर की घटती चमक को भी दर्शाती है। 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप में उन्हें इंग्लैंड की टीम से बाहर रखा गया था और इस साल के आईपीएल के लिए भी उन्हें नहीं चुना गया। वह 2020, 2022 और 2024 में निजी कारणों से आईपीएल से हट चुके हैं। आखिरी बार उन्होंने मार्च 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे खेला था। सरे टीम को इस मुकाबले में ओली पोप, जेमी स्मिथ और गस एटकिंसन जैसे ईसीबी-कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी झेलनी पड़ेगी, जिन्हें ज़िम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टेस्ट से पहले आराम दिया गया है। ऐसे में जेसन रॉय को मौका मिला है। डिवीजन वन तालिका में सरे फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि वारविकशायर दूसरे और नॉटिंघमशायर पहले नंबर पर है। पिछली बार सरे ने समरसेट को तीन दिन में हराकर लय हासिल की है। टीम को इस मैच में अपने विदेशी खिलाड़ियों नाथन स्मिथ और कर्टिस पैटरसन से मजबूती से मिली है, साथ ही तेज गेंदबाज टॉम लॉज भी इस सीजन पहली बार टीम में लौटे हैं।

# विश्वकप जीतकर ही संन्यास लेना चाहते हैं रोहित : दिनेश लाड

एजेंसी




**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर सबको हैरान करने वाले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि वह अभी एकदिवसीय विश्वकप जीतना चाहते हैं। रोहित अपनी कप्तानी में जीत को चैम्पियंस ट्रॉफी और टी20 विश्वकप में जीत दिला चुके है पर एकदिवसीय विश्वकप नहीं जीते हैं जिससे वह 2027 में हासिल करना चाहते हैं। 2024 विश्वकप में वह खिताब की दहलीज पर पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पाये थे और इसी कमी को वह पूरा करना चाहिते हैं। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2011 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीता था उसके बाद से ही टीम इससे हासिल नहीं कर पायी है। लाड ने कहा, उनका (रोहित) लक्ष्य एकदिवसीय विश्व कप जीतने के बाद ही संन्यास लेना है। लाड ने कहा, ह्यउनका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भी जीतन था पर टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी। अब 2027 में विश्व कप है। मैं भी चाहता हूं कि वह 2027 में विश्व कप जीते और फिर संन्यास लें। एकदिवसीय विश्व कप 2027 में अक्टूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। लाड ने कहा कि रोहित ने अपने एकदिवसीय कैरियर को लंबा खींचने के लिए टेस्ट से संन्यास लिया है। उन्होंने कहा, ह्यरोहित ने संन्यास लेने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया। लाड ने यह भी साझा किया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित की टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर खेली गई शतकीय पारी उनका सबसे यादगार पल था। रोहित ने 2013 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रन बनाए थे।

# पंजाब किंग्स में आने से बेहतर हुआः अर्शदीप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेहतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगीं जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं। अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर , मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली। अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर को गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।

# दो स्टेडियमों में होगा ओलंपिक का उद्घाटन समारोह

## एलए तीसरी बार ओलंपिक और पहली बार करेगा पैरालंपिक की मेजबानी

- लॉन्ग बीच और हॉलीवुड में भी होंगे आयोजन
- एलए की विरासत और भविष्य का होगा संगम




एजेंसी

**लॉस एंजेलिस।** लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिज़ियम और इंग्लवुड स्थित सोफी स्टेडियम 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोहों की मेजबानी करेंगे। एलए28 आयोजकों ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। 14 जुलाई 2028 को होने वाला ओलंपिक उद्घाटन समारोह पहली बार दो स्थानों झ ऐतिहासिक कोलिज़ियम और आधुनिक सोफी स्टेडियम झ में साझा रूप से आयोजित होगा। कोलिज़ियम ओलंपिक इतिहास में तीन बार खेलों की मेजबानी करने वाला पहला स्थल बन जाएगा।

एलए28 के चेयरपर्सन और प्रेसिडेंट केसी वासरमैन ने एक बयान में कहा, ह्ये दोनों स्थल लॉस एंजेलिस की खेल विरासत और तकनीकी प्रगति का प्रतीक हैं। दुनियाभर से आने वाले दर्शकों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय होगा। 30 जुलाई को ओलंपिक का समापन समारोह कोलिज़ियम में आयोजित किया जाएगा, जिसे आयोजनकर्ता 'अविस्मरणीय उत्सव' बता रहे हैं। 15 अगस्त को पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह सोफी स्टेडियम में होगा, जबकि समापन समारोह 27 अगस्त को कोलिज़ियम में सम्पन्न होगा।

लॉस एंजेलिस ने इससे पहले 1932 और 1984 में ओलंपिक की मेजबानी की थी। लेकिन 2028 पहली बार होगा जब यह शहर पैरालंपिक खेलों की भी मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा, पैरालंपिक समापन समारोह एलए28 खेलों की अंतिम यादगार झलक होगा, जो ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलन को लॉस एंजेलिस से स्थायी रूप से जोड़ देगा। एलए28 ने पिछले महीने कुछ अन्य आयोजन स्थलों की भी घोषणा की थी। बीच वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं लॉन्ग बीच के अलामिटोस बीच पर होंगी, जबकि स्क्वैश खेल हॉलीवुड के यूनिवर्सल स्टूडियो में अपनी ओलंपिक शुरूआत करेगा।



रोम में इटेलियन ओपन टेनिस में खेलती हुई जापान की नाओमी ओसाका।

# गर्मियों में पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

**गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पाचन खराब होता है। इस दौरान बार-बार पाचन की समस्या होती है। ऐसे में हम आपको इस लेख में पाचन को दुरुस्त रखने के लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। ऐसे में आपको खुद को डाइजेशन को बेहतर करने के लिए आपको क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।**

भीषण गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें।

## क्या खाएं

– सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं।

– गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगरैह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा।

– इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

## क्या नहीं खाएं

– गर्मियों में जितना संभव हो आप तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।

– शराब और कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

– अत्यधिक चीनी वाले फूड्स के सेवन से बचना चाहिए, इससे भी पाचन को नुकसान होता है।

– अत्यधिक ठंडी चीजें जैसे कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए। इससे आपका पाचन खराब हो सकता है।

– इसके अतिरिक्त डेयरी प्रोडक्ट और रेड मीट का सेवन कम करें। इससे आपका



# लगातार एसी की हवा में बैठे रहने से हो सकता है नुकसान

**गर्मी से राहत पाने के लिए एसी की ठंडी हवाओं में बैठे रहना सबको पसंद आता है। पूरे दिन एयर कंडीशनर की हवा में पूरे दिन बैठने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है।**

एयर कंडीशनर आधुनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, जो अत्यधिक तापमान से घरों, ऑफिस और वाहनों में आराम प्रदान करता है। गर्मियों में एसी बैठे रहने से बॉडी को ठंडक तो मिलती है लेकिन इसके नुकसान भी होते हैं। एसी की हवा स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। एसी में पूरे दिन बैठने से श्वसन संबंधी समस्याओं से लेकर त्वचा की जलन तक कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं दिनभर एसी की हवा में बैठना भी हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं है? इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है।

### स्किन ड्राई और डिहाइड्रेशन हो जाती है

अगर आप पूरे दिन एसी में बैठें रहते हैं, तो स्किन और म्यूकस मेम्ब्रेन ड्राई हो जाते हैं। इस कारण त्वचा में जलन, खुजली और आंखों में ड्राईनेस हो सकती है। इसके साथ ही आपकी त्वचा भी रुखी हो जाती है, जिससे त्वचा पपड़ीदार हो सकती है। अगर आप हाइड्रेटडे नहीं रहते हैं चो आपकी बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है।

### सांस से जुड़ी समस्याएं होती हैं

पूरा दिन एसी में बैठे रहने से सांस से जुड़ी समस्याओं की वजह भी बन सकती है। इस कारण अस्थमा या साइनस का खतरा बढ़ जाता है। यदि एसी की साफ-सफाई न की जाए, तो इससे उसमें बैक्टीरिया जमने लगते हैं। एसी की हवा में बैठने से आपको इंफेक्शन या एलर्जीक रिएक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

### जोड़ों और मसल्स में दर्द होना

अगर आप ऑफिस में पूरे दिन एसी में बैठे रहते हैं, तो आपकी मांसपेशियां सिकुड सकती हैं, जिससे गर्दन और पीठ की मांसपेशियों में अकड़न हो सकती है। गलत पोस्चर में लंबे समय तक एसी में बैठने से दर्द और अकड़न बढ जाता है।

### सिरदर्द और तनाव बना रहता है

अगर आप भी एसी में पूरे दिन बैठे रहते हैं और शरीर को नेचुरल हवा नहीं मिल रही है। इस कारण से थकावट और सिरदर्द हो सकता है। इसका प्रभाव आपके मेंटल हेल्थ पर भी पड़ सकता है, जिससे मानसिक रुप से थकावट हो सकती है।

### इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है

एसी में लगातार बैठे रहने से इम्यूनिटी पर भी प्रभाव पड़ता है। शरीर की तापमान झेलने की क्षमता कम हो सकती है। इसके साथ ही इंफेक्शन और कोल्ड भी हो सकता है।





# गर्मियों में आपके मूड को खट्टे से मीठे में बदल देगा लेमन टार्ट, नोट करें रेसिपी

**चाहे आप थका हुआ महसूस कर रहे हों या बस मूड को बेहतर बनाने की जरूरत हो, नींबू का एक टुकड़ा आपके मूड को पूरी तरह से तरोताजा कर सकता है। और सबसे अच्छी बात? गर्मियों में यह हर जगह होता है। तो क्यों पसीना बहाएं - एक तीखा नींबू टार्ट बनाएं, आराम करें और अच्छी वाइब्स का आनंद लें।**

जब गर्मी बढ़ रही हो, तो नींबू आपका सबसे अच्छा दोस्त है। यह तीखा होता है, सस्ता होता है और यह मूल रूप से एक फल में धूप की तरह होता है। चाहे आप थका हुआ महसूस कर रहे हों या बस मूड को बेहतर बनाने की जरूरत हो, नींबू का एक टुकड़ा आपके मूड को पूरी तरह से तरोताजा कर सकता है। और सबसे अच्छी बात? गर्मियों में यह हर जगह होता है। तो क्यों पसीना बहाएं - एक तीखा नींबू टार्ट बनाएं, आराम करें और अच्छी वाइब्स का आनंद लें।

## सामग्रीः

क्रस्ट के लिए
- 1-1/2 कप मैदा
- 1/2 कप कन्फेक्शनर्स शुगर
- 1/4 चम्मच नमक
- 1/2 कप अनसाल्टेड मक्खन, ठंडा करके छोटे टुकड़ों में काट लें
- 1 अंडा, हल्का फेंटा हुआ

भरने के लिए
- 3 बड़े अंडे की जर्दी
- 1/2 कप दानेदार चीनी
- 2 बड़े चम्मच ताजा निचोड़ा हुआ नींबू का रस
- 1/4 कप अनसाल्टेड मक्खन, पिघला हुआ
- 1 चम्मच कसा हुआ नींबू का छिलका
- 1 कप हैवी क्रीम

## निर्देशः

1. एक कटोरे में मैदा, कन्फेक्शनर्स शुगर और नमक मिलाएं। मक्खन डालें और तब तक मिलाएं जब तक मिश्रण मोटे टुकड़ों जैसा न हो जाए। धीरे-धीरे अंडे का घोल डालें और तब तक मिलाएं जब तक आटा एक साथ न आ जाए। लपेटकर 30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें।

2. आटे को लगभग 1/8 इंच की मोटाई में रोल करें। एक 9 इंच के टार्ट पैन में डालें, जिसका तल हटाया जा सके। किनारों को काटें और नीचे का हिस्सा कांटे से छेद करें।

3. क्रस्ट को चर्मपत्र पेपर से ढकें और पाई वेट या सूखे बीन्स से भरें। 15 मिनट के लिए 190एष्ट पर बेक करें। वेट और चर्मपत्र पेपर को हटा दें और हल्के सुनहरे होने तक 5-7 मिनट के लिए बेक करें।

4. एक कटोरे में अंडे की जर्दी, चीनी, नींबू का रस और पिघला हुआ मक्खन एक साथ फेंटें। नींबू का छिलका और हैवी क्रीम डालें। फिलिंग को बेक किए हुए टार्ट शेल में डालें।

5. 190डिग्री सेल्सियस पर 20-25 मिनट तक बेक करें, जब तक कि फिलिंग सेट न हो जाए और किनारे हल्के सुनहरे न हो जाएं।

## सुझावः

– बेहतरीन स्वाद के लिए ताजे नींबू का इस्तेमाल करें।

– फिलिंग को बहुत गाढ़ा होने से बचाने के लिए इसे ज्यादा न मिलाएं।

– आप अपने स्वाद के अनुसार चीनी की मात्रा को समायोजित कर सकते हैं।

– अतिरिक्त स्वाद और बनावट के लिए व्हीप्ड क्रीम डालें।



# कब्ज की समस्या से परेशान लोग डाइट में शामिल करें गुलकंद

**अगर आप भी कब्ज की समस्या से परेशान हैं, तो इसकी वजह से पेट में भारीपन, डकार और ब्लोटिंग की शिकायत रहती है। तो आप इस समस्या से बचने के लिए अपनी डाइट में गुलकंद शामिल कर सकते हैं।**

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद की सेहत का ख्याल रखना काफी मुश्किल हो गया है। वहीं गलत खानपान और खराब लाइफस्टाइल की वजह से कब्ज की समस्या होना बेहद आम है। लेकिन अगर कब्ज की समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह मुश्किल पैदा कर सकती है। अगर आप भी कब्ज की समस्या से परेशान हैं, तो इसकी वजह से पेट में भारीपन, डकार और ब्लोटिंग की शिकायत रहती है। तो आप इस समस्या से बचने के लिए अपनी डाइट में गुलकंद शामिल कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इसको आप डाइट में कैसे शामिल कर सकते हैं।

### कब्ज में फायदेमंद गुलकंद

बता दें कि गुलकंद एक आयुर्वेदिक सुपरफूड है, जोकि हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने का काम करता है और कब्ज से भी राहत दिलाता है। गुलकंद में प्राकृतिक रूप से फाइबर पाया जाता



है, जोकि आंतों की सफाई में सहायता करता है। यह स्टूल को सॉफ्ट बनाने के साथ उसको आसानी से पास करने में भी सहायता करता है।

गुलकंद की तासीर ठंडी होती है और यह आंतों में जलन को भी कम करता है। यह गैस और एसिडिट की समस्या से भी राहत दिला सकता है। यह आंतों में गुड बैक्टीकिया को बढ़ाता है, जिससे डाइजेस्टिव हेल्थ बेहतर होता है। वहीं गुलकंद हानिकारक बैक्टीरिया को रोकता है और पेट संबंधी समस्याओं को कम करता है। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या रहती है, उनको गुलकंद का सेवन करने से बचना चाहिए।

### कैसे खाएं गुलकंद

आप रात में एक चम्मच गुलकंद का गुनगुने दूध के साथ सेवन करें। इससे कब्ज की समस्या से राहत मिलने लगेगी।

वहीं अगर आप दूध नहीं पीते हैं तो एक चम्मच गुलकंद को गुनगुने पानी में मिलाकर रात में सोने से पहले पी सकते हैं।

# चाय-कॉफी के जिद्दी दागों को हटाने के लिए बनाएं होममेड क्लीनर, चुटकियों में साफ होगा गद्दा

गद्दों पर पड़े जिद्दी दागों को साफ करने के लिए आप घर पर होममेड क्लीनर बना सकते हैं। इसकी मदद से गद्दे को चमकदार, महकदार और बैक्टीरिया-फ्री बना सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घरेलू चीजों से बने होममेड क्लीनर बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। कई बार गद्दे पर चाय, कॉफी, पसीना या फिर अन्य किसी चीज का दाग लग जाता है। ऐसे में इन जिद्दी दागों को साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। इन दागों को साफ करने के लिए महंगे क्लीनिंग प्रोडकट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन फिर भी यह कारगर नहीं होता है। ऐसे में आप घर में मौजूद कुछ चीजों से एक असरदार होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। आप घर पर बने होममेड क्लीनर की मदद से गद्दे को चमकदार, महकदार और बैक्टीरिया-फ्री बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घरेलू चीजों से बने होममेड क्लीनर बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

सामग्री
बेकिंग सोडा- 1 बड़ा चम्मच
नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच
सफेद सिरका- 1 बड़ा चम्मच
डिश साबुन- 1 चम्मच
टूथपेस्ट

ऐसे बनाएं क्लीनर

एक बाउल में नींबू का रस, बेकिंग सोडा और सफेद सिरका मिलाएं।

इसको अच्छे से मिक्स करें और इसको अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें 1 चम्मच डिश साबुन मिला सकते हैं।

अब एक चम्मच की सहायता से इसको अच्छे से मिक्स करें और आप इसको गद्दे से दाग हटाने में काम ला सकते हैं।

गद्दे के दाग-धब्बों को ऐसे करें साफ

सबसे पहले घर पर तैयार किए गए होममेड क्लीनर



वाले पेस्ट को उस जगह पर लगाएं, जहां पर दाग पड़े हैं।


फिर 10-15 मिनट तक इसको ऐसे ही लगा रहने दें। अब एक गीले कपड़े की मदद से इसको रगड़ते हुए साफ कर लें।

अगर इसके बाद भी दाग ज्यों का त्यों बना हुआ है, तो इस पर एक्सपायरी टूथपेस्ट लगाकर ब्रश की सहायता से हल्का-हल्का रगड़ें।

वहीं इस प्रोसेस के बाद भी अगर जिद्दी दाग नहीं छूट रहा है, तो आप इस प्रोसेस को दोहरा सकते हैं।









ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में भरा जोश,

# कंगना से लेकर अक्षय तक बोले- जय हिंद

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अब तक कई बॉलीवुड कलाकारों ने इस ऑपरेशन पर अपना रिएक्शन दिया है... भारत ने 15 दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। अब इस ऑपरेशन पर कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर से लेकर विनीत कुमार सिंह जैसे सितारों के नाम शामिल हैं। बुधवार सुबह रितेश देशमुख, निमरत कौर और विनीत कुमार सिंह और अनुपम खेर जैसे एक्टर्स और डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने सोशल मीडिया पर इंडियन आर्मी की तारीफ की है। अभिनेता रितेश देशमुख ने इस कार्रवाई के बाद एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा, जय हिंद की सेना... भारत माता की जय। साथ ही, उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर लिखा नजर आ रहा है।

# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज

**श्वेता** तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म द भूतनी रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। द भूतनी को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली में भी नजर आई। पलक जल्द ही फिल्म रोमियो एस3 में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं।



## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'

पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

## तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराईं। उनके साथी रैपर, क्ररॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं-आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी हैं।

# कश्मीरी मुस्लिम होने पर हुआ अली गोनी के साथ भेदभाव

- एक्टर बोले- 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते



टीवी एक्टर अली गोनी ने कई बार ये जिक्र किया है कि कश्मीरी और मुस्लिम होने पर उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ चुका है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में अली ने बताया है कि जब वो गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ मुंबई में घर ढूंढ रहे थे, तब कई लोगों ने ये कहते हुए घर देने से इनकार कर दिया कि वो मुस्लिमों को घर नहीं देते। अली गोनी हाल ही में इनकंट्रोवर्शियल पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उनसे पूछा गया कि कश्मीरी होने पर उन्हें कैसे भेदभाव का सामना करना पड़ा। इस पर एक्टर ने कहा, इंडस्ट्री में तो कभी ये नहीं हुआ, लेकिन घर ढूंढने में मेरे साथ भेदभाव हुआ। बहुत ज्यादा, आज भी होता है। अभी भी मैं और जैस्मिन घर ढूंढ रहे थे, तो मैं आपको 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते। आगे अली ने कहा है, मैंने देखा है कि जितने मना करने वाले थे, वो बूढ़े ही थे। या 50-60 के थे। ज्यादा से ज्यादा 5-10 साल जीने वाले हैं वो। उसके बाद या जलकर राख हो जाएंगे या कब्र में दफन हो जाएंगे। तो क्या करेंगे उस बिल्डिंग का। अली गोनी ही नहीं कई सेलेब्स ने भी मुंबई में घर न मिलने की शिकायत की है। कुछ समय पहले ही उर्फी जावेद ने ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा है कि कुछ ने उन्हें मुस्लिम होने पर घर देने से इनकार कर दिया, तो किसी को उनके काम से आपत्ति थी। उनके अलावा बिग बॉस 18 का हिस्सा रहीं यामिनी मल्होत्रा भी बता चुकी हैं कि उन्हें मुंबई में घर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। वो जहां जाती हैं, वहां उनसे धर्म पूछा जाता है। इसके बाद भी अगर कोई घर देने को राजी हो जाए तो ये सुनकर इनकार कर देता है कि वो एक्ट्रेस हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस चारू असोपा, आकांक्षा जुनेजा, बिग बॉस फेम शहजादी और शिरीन मिर्जा ने भी इस तरह की परेशानी का सामने करने का जिक्र किया था।



निशात रेप केस पर फूटा हिना खान गुस्सा कहा-

# राक्षस हर धर्म, समुदाय में मौके की तलाश में हैं, शराब को इसके लिए जिम्मेदार न ठहराएं

श्रीनगर के निशात इलाके में हाल ही में एक महिला पर 4 शराबियों ने हमला किया और फिर रेप कर उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश है, हालांकि एक हिस्सा ऐसा भी है जो शराब को इस हत्या और रेप के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले पर अब हिना खान ने शराब को दोषी ठहराने वालों को करारा जवाब दिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि राक्षस हर धर्म और समुदाय में हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं, ऐसे में सिर्फ शराब को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। हिना खान ने ऑफिशियल ङ्क प्लेटफॉर्म में लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर कर लिखा है, क्या कोई इन बेवकूफों को रेप और शारीरिक शोषण में फर्क बताएगा। रेप, रेप है और मर्डर, मर्डर है। शारीरिक शोषण को अलग-अलग बताया जा सकता है, लेकिन ये रेप सिर्फ एक संकेत है। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अपराधी ऐसा कर नहीं सका, न कि ये कि अपराधी ने ऐसा नहीं किया। एक रेपिस्ट खुद के अलावा हर किसी को दोषी ठहराता है। उस अपराधी की तरह व्यवहार न करें। अपराधी को मुफ्त में भागने का कार्ड देने के लिए शराब का इस्तेमाल न करें। रेप को ठीक मत ठहराइए। यौन उत्पीड़न को भी ठीक मत ठहराइए। धर्म, समुदाय, भूगोल या पहनावे के नाम पर नहीं। आगे हिना खान ने लिखा है, ये राक्षस हर जगह, हर समुदाय, हर धर्म में मौजूद हैं। अवसर की तलाश में। शराब कई चीजों का कारण बनती है, लेकिन ये एक अच्छे आदमी को बलात्कारी नहीं बनाती।

# व्हाट्सएप या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी न करें साझा: डीएम

## पुलिस फोर्स एवं आर्मी की मूवमेंट की वीडियो सोशल मीडिया पर ना करें वायरल : जॉइंट पुलिस कमिश्नर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत एवं पाकिस्तान के बीच बॉर्डर पर उत्पन्न तनाव को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, स्वास्थ्य, फायर, विद्युत विभाग तथा आरडब्ल्यूए, उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में हम सबको बिना पैनिक हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करना है।

उन्होंने आरडब्ल्यूए एवं उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि हमें किसी भी भ्रामक संदेश या अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है, यदि कोई भी भ्रामक संदेश प्राप्त होता है तो उसकी सक्षम स्तर से पुष्टि कर ली जाए, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा ब्लैकआउट, स्कूलों के बंद करने या अन्य कोई भी जानकारी हेतु आदेश जारी किए जाएंगे। जब तक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कोई भी आदेश किसी भी संबंध में प्राप्त न हो, जब तक कोई भी भ्रामक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल न करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर अगर कोई गाइडलाइन जारी होगी तो वह आधिकारिक तौर पर की जाएगी, किसी भी तरह की अपवाह या गलतफहमी का शिकार नहीं होना है। साथ ही कहा कि पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुपों पर विवादित भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर भी निगरानी की जा रही है, ऐसा करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, फायर एवं विद्युत विभाग द्वारा भी अपनी अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जॉइंट पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्र ने बैठक में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी सोसाइटियों में लिफ्ट के विद्युत कनेक्शन को इस प्रकार पृथक कर ले कि जब ब्लैक आउट के दौरान विद्युत आपूर्ति रोकी जाए तो लिफ्ट चालू रहे, ताकि ब्लैक आउट के दौरान कोई भी व्यक्ति लिफ्ट में न फंसे। साथ ही कहा कि सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को सेंसटाइज किया जाए कि यदि उनको कहीं पर भी कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर आती है तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित पुलिस थाने को कराये।

उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि उनको कहीं पर भी पुलिस फोर्स या आर्मी की कोई भी मुमेंट नजर आती है तो उसकी वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया पर वायरल न करें। साथ ही कहा कि आपातकालीन स्थिति के दौरान क्या करें क्या ना करें को लेकर भारत सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा गाइडलाइन भी जारी की जा रही है, जिनका अध्ययन अवश्य करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, एआरटीओ सियाराम वर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल, जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी, सीआरपीएफ, एनडीआरफ, सीआईएसएफ, आइटीबीपी के अधिकारीगण तथा आरडब्ल्यूए व उद्यमी संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 16 से 31 मई तक लगेंगे दिव्यांग सशक्तीकरण शिविर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विद्यानाथ शुक्ल ने बताया कि जनपद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की महत्वपूर्ण योजना कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत ऐसे दिव्यांगजन, जिन्हे विगत 03 वर्ष में सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुए हैं (संस्थागत अध्ययनरत छात्रों हेतु बाध्यता नहीं), पात्र दिव्यांगजन वेबसाइट https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर अपना ऑनलाइन आवेदन करते हुए वांछित प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन शिविर में जमा कर सकते हैं, अथवा वांछित प्रपत्रों के साथ चिन्हांकन शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों हेतु आवेदन किए जाने की व्यवस्था है। आयोजित होने वाले शिविर में दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन तथा यू0डी0आई0 डी कार्ड संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले शिविर में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए पात्र दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों— जैसे दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा से नीचे), निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण दिनांक 16-05-2025 विकासखंड दादरी, दिनांक 19-05-2025 विकासखंड बिसरख, दिनांक 22-05-2025 विकासखंड जेवर, दिनांक 24-05-2025 पंचायत भवन ग्राम दुजाना, दिनांक 26-05-2025 नगर पंचायत दनकौर, दिनांक 28-05-2025 नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय सेक्टर 19 नोएडा, दिनांक 31-05-2025 पंचायत भवन ग्राम सैंथली परिसर में करा सकते हैं। सभी शिविर प्रात: 11ः00 बजे से अपरान्ह 02ः30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्मिक भी उपस्थित रहेंगे।

# बाल-सुधार गृह में बंदियों को कला का प्रशिक्षण

## कारागार के कलाकार अभियाान चला रहा कलांतर आर्ट फाउंडेशन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कारागार के बंदी तथा बाल-सुधार गृह के बच्चों को कलांतर आर्ट फाउंडेशन द्वारा मिशन 'कारागार के कलाकार' में नि:शुल्क कला प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था मानसिक विकारों को दूर करके हम इन्हें पुन: समाज की मुख्य-धारा में लाने का प्रयास कर रही हैं।

ध्यान से सोचें तो हम सब भी कहीं न कहीं बंदी हैं। कभी अपनी सोच के बंधक, कभी समाज की रूढ़ियों के बंधक, कभी नकारात्मक विचारों के बंधक, कभी पैसों की होड़ में बंधक, अधिक-और-अधिक पाने की लालच में बंधक, तो कभी जाति, वर्ण, और धर्म की सीमा में बंधे। ये बंधन तोड़ पाएंगे तभी हम वास्तविक प्रसन्नता से नाता जोड़ पाएंगे।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# नोएडा में 40 बायर्स को मिला फ्लैट का मालिकाना हक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के फ्लैट बायर्स को उनके मकान का हक दिलाने के लिए प्राधिकरण तथा प्रशासन द्वारा कारगर कदम उठाए जा रहे हैं नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लगभग 40 फ्लैट पार्ट्स का सपना अब पूरा हो गया है।

नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा की विभिन्न प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने वाले बायर्स के लिए रजिस्ट्री विभाग द्वारा सेक्टर 67 स्थित प्रतीक प्रोमाइजिंग में रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। रजिस्ट्री विभाग द्वारा सेक्टर 67 में लगाए गए कैंप में प्रतीक इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बेटा 2 तथा सेक्टर 107 एवं प्रतीक बिल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट सेक्टर 45 की प्रतीक एडिफिस एवं प्रतीक स्टाइल हम के फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री कराई गई इस कैंप में लगभग 40 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री की गई इस अवसर पर रजिस्ट्री विभाग के उपायुक्त अरुण कुमार मिश्र सहायक आयुक्त स्टांप बस वर्मा सब रजिस्टार यशवंत कुमार सिंह सब रजिस्टार द्वितीय अशोक कुमार सिंह प्रबंधक ग्रुप हाउसिंग विवेक गोयल प्रतीक गुप्ता के अध्यक्ष प्रशांत तिवारी एवं नोएडा प्राधिकरण व रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल में आत्म-खोज



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरला चोपड़ा डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल के इंटरैक्ट क्लब ने 'मैजिक स्क्वेयर' पहल के तहत जीवन परिवर्तन कोच प्रियंका वर्मा के साथ एक प्रभावशाली आत्म-खोज सत्र का आयोजन किया।

इस सत्र में विद्यार्थियों को पहचान, भावनात्मक कल्याण और सामाजिक बाधाओं को पार करने के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रियंका वर्मा ने विद्यार्थियों को आत्म-सम्मान, चुनौतियों से निपटने की रणनीतियाँ और आत्म-प्रेम को अपनाने के महत्व के बारे में बताया। उनकी संवादात्मक शैली ने विद्यार्थियों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे एक सशक्त और प्रेरणादायक अनुभव उत्पन्न हुआ।

प्रधानाचार्य श्रीमती उपासना ने विद्यार्थियों की सराहना की और आत्म-जागरूकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आत्म-जागरूकता से ही जीवन में सच्ची सफलता और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है।

यह 'मैजिक स्क्वेयर' सत्र विद्यार्थियों को आवश्यक जीवन कौशल से सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाना है।